अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) को
क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार (प्रथम स्थान)

राजस्थान के माननीय राज्यपाल श्री कल्याण सिंह ने 30 जनवरी 2017 को उदयपुर में संपन्न क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक) को वर्ष 2015-16 के लिए पश्चिम क्षेत्र (गुजरात और महाराष्ट्र) में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालय की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन के लिए क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार (प्रथम स्थान) प्रदान किया। यह पुरस्कार श्री तपन मिश्रा, निदेशक, सैक की ओर से श्री दीपक कुमार दास, सह निदेशक, सैक ने ग्रहण किया। इस अवसर पर केंद्र की वरिष्ठ हिंदी अधिकारी श्रीमती नीलू सेठ को माननीय राज्यपाल ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। इस कार्यक्रम में श्री प्रभास कुमार झा, सचिव, राजभाषा विभाग और श्री राजहंस पुरोहित, अपर मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार भी उपस्थित रहे।

यह पुरस्कार भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा प्रदान किये जाते हैं। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में केंद्रीय सरकार के कार्यालय को दिया जाने वाला यह सर्वोच्च पुरस्कार है।

राजस्थान के माननीय राज्यपाल श्री कल्याण सिंह के कर-कमलों से क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार (प्रथम स्थान) ग्रहण करते हुए श्री दीपक कुमार दास, सह निदेशक, सैक
बायीं ओर श्री प्रभास कुमार झा, सचिव, राजभाषा विभाग



भारत सरकार
Government of India
राजभाषा विभाग
Department of Official Language
गृह मंत्रालय
Ministry of Home Affairs
प्रशस्ति पत्र
Commendation Certificate
'ख' क्षेत्र/'B' Region
श्रेणी कार्यालय / Category Office

यह प्रशस्ति पत्र श्रीमती नीलू सेठ, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र/इसरो, अहमदाबाद को वर्ष 2015-16 के दौरान उनके संगठन द्वारा संघ की राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए **प्रथम** स्थान प्राप्त करने में उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

This Commendation Certificate is awarded to Smt. Neelu Seth, Sr. Hindi Officer, Space Applications Centre ISRO, Ahmedabad for his / her admirable contribution to his / her organisation for being adjudged **First** for commendable performance in implementing the Official Language Policy of the Union during the year 2015-16

सचिव, भारत सरकार
Secretary to the Govt. Of India

राजस्थान के माननीय राज्यपाल श्री कल्याण सिंह के कर-कमलों से प्रशस्ति-पत्र ग्रहण करते हुए श्रीमती नीलू सेठ, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, सैक

राजभाषा के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति से

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र को द्वितीय पुरस्कार

रोलिंग शील्ड की प्रतिकृति ग्रहण करते हुए श्री पीयूष वर्मा$_{\text{भादुसे}}$, नियंत्रक, सैक एवं श्रीमती नीलू सेठ, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र को अहमदाबाद नगर में केंद्रीय कार्यालयों (100 से अधिक कर्मचारी संख्या) की श्रेणी में वर्ष 2016-2017 के दौरान उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद की ओर से 08 अगस्त 2017 को गुजरात विद्यापीठ के प्रेक्षागृह में संपन्न अहमदाबाद नराकास की 70वीं बैठक के दौरान द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

श्री पी.सी. मोदी, अध्यक्ष, नराकास/ प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, अहमदाबाद के कर-कमलों से निदेशक, सैक की ओर से श्री पीयूष वर्मा$_{\text{भादुसे}}$, सह अध्यक्ष, राभाकास/ नियंत्रक, सैक ने पुरस्कार स्वरूप शील्ड एवं प्रमाण-पत्र ग्रहण किया, साथ ही विगत वर्षों के दौरान लगातार राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सैक को रोलिंग शील्ड की प्रतिकृति भी प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रो. अनामिक शाह, कुलपति, गुजरात विद्यापीठ भी मंच पर आसीन थे।

सैक को प्रदत्त शील्ड

श्रीमती नीलू सेठ, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी/ सचिव राभाकास, सैक को भी राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सराहना स्वरूप शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस बैठक में अहमदाबाद नगर में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों तथा सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों के कार्यालय प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी भी उपस्थित थे।

वरि.हिंदी अधिकारी को प्रदत्त शील्ड

प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त/ अध्यक्ष नराकास से निदेशक सैक के प्रतिनिधि के रूप में शील्ड और प्रशस्ति-पत्र ग्रहण करते हुए श्री पीयूष वर्मा_{भादूसे}, नियंत्रक, सैक

भारत सरकार
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
(प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात कार्यालय, अहमदाबाद)

प्रशस्ति पत्र

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद के स्तर पर वर्ष 2016 -17 के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए *अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र (सैक), अहमदाबाद* कार्यालय ने *द्वितीय पुरस्कार* प्राप्त किया है। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

पुरस्कृत कार्यालय के सभी कार्मिकों से यह अपेक्षा है कि वे अपने सरकारी कार्यों में हिन्दी के प्रयोग में उत्तरोत्तर वृद्धि करते रहें।

(एल.डी.धमल)
उप निदेशक (रा.भा) एवं
सदस्य-सचिव नराकास, अहमदाबाद

(पी.सी.मोदी)
अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात, अहमदाबाद

सैक को प्रदत्त प्रशस्ति पत्र

प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त/ अध्यक्ष नराकास से शील्ड और प्रशस्ति-पत्र ग्रहण करते हुए

श्रीमती नीलू सेठ, वरि. हिंदी अधिकारी, सैक



भारत सरकार

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

(प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात कार्यालय, अहमदाबाद)

सत्यमेव जयते

प्रशस्ति पत्र

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद के स्तर पर वर्ष 2016-17 के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए *अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र (सैक)(इसरो), अहमदाबाद* कार्यालय ने *द्वितीय पुरस्कार* प्राप्त किया है । राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए इस कार्यालय के *श्रीमती नीलू सेठ, वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी* को शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है ।

पुरस्कृत अधिकारी से अपेक्षा है कि वे राजभाषा की सर्वतोमुखी प्रगति हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे ।

(एल.डी.धमल)
उप निदेशक (रा.भा) एवं
सदस्य-सचिव नराकास, अहमदाबाद

(पी.सी.मोदी)
अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात, अहमदाबाद

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी को प्रदत्त प्रशस्ति पत्र

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 70वीं बैठक की झलकियाँ

बैठक के उपरांत गुजरात विद्यापीठ के कुलसचिव प्रो.अनामिक शाह और नराकास अध्यक्ष श्री पी.सी. मोदी, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात से चर्चा करते हुए नियंत्रक, सैक श्री पीयूष वर्मा भादूसे